केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/114 दिनांक: 13.04.2017

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00108
CICOM/R/2016/01400

अपीलकर्ता : श्री हरिशचन्द्र तिवारी,
ग्राम – तिवारीपुर मुजौना,
पो0 – बभनगवा, कूरेभार,
जिला – सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश ।

निर्णय की तारीख: 13.04.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 04.10.2016 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 04.11.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्रीमती पुष्पा जनार्दनन |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 22.12.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 195652/30.12.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 133/07.04.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग में दाखिल अपने अपील के संबंध में सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्रीमती पुष्पा जनार्दनन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, डका अनुभाग द्वारा प्रदान की गई सूचना से संतुष्ट न होने पर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. अपीलकर्ता का दिनांक 22.12.2016 का यह प्रथम अपीली जो कि केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 30.12.2016 को डायराइज हुआ तथा डाक अनुभाग द्वारा भूलवश किसी अन्य अनुभाग को अग्रसारित हो जाने के कारण प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 07.04.2017 को प्राप्त हुआ । प्रथम अपील आवेदन का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्रीमती पुष्पा जनार्दनन द्वारा प्रदान की गई अपूर्ण सूचना में डायरी नं. 136657 दिनांक 18.05.2016 जिसे सेन्ट्रल रजिस्ट्री को भेजे जाने का उल्लेख है । अत: श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक, सेन्ट्रल रजिस्ट्री-1 एवं श्रीमती पुष्पा जनार्दनन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, डाक अनुभाग को निर्देश दिया जाता है कि अपीलकर्ता के उक्त अपील से संबंधित सपष्ट सूचना अपीलकर्ता को इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों के अंदर उपलब्ध करवाई जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेसं, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
3. श्रीमती पुष्पा जनार्दनन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, डाक अनुभाग, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।